# Kendriya Vidyalaya – Hindi

## द्वितीय आवधिक परीक्षा

विषय –हिंदी  कक्षा–आठवीं  अवधि– 1:30 घंटे  पूर्णांक 40

टिप्पणी :  सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1. गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–  (5)

एक महिला ने बताया –" लोगों के लिए यह समझना बड़ा कठिन है कि ग्रामीण महिलाओं के लिए यह कितनी बड़ी चीज है। उनके लिए तो यह हवाई जहाज उड़ाने जैसी उपलब्धि है। लोग इस पर हंस सकते हैं लेकिन केवल यहां की औरतें ही समझ सकती हैं कि उनके लिए यह कितना महत्वपूर्ण है जो पुरुष इसका विरोध करते हैं वे जाएं और टहलें क्योंकि जब साइकिल चलाने की बात आती है, तो वह महिलाओं की बराबरी कर ही नहीं सकते।"

I) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
II) लोगों के लिए क्या समझना बड़ा कठिन है?
III) "ग्रामीण महिलाओं के लिए यह कितनी बड़ी उपलब्धि है"। महिला किस उपलब्धि के बारे में बात कर रही है ?
IV) किस बात में पुरुष महिलाओं की बराबरी नहीं कर सकते?
V) साइकिल चलाने को महिलाओं ने हवाई जहाज उड़ाने जैसा क्यों बताया?

2. निम्न पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों क उत्तर दीजिए–  (1*5= 5)

सीस पगा न झगा तन में, प्रभु जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी सी लटी दुपटी अरु पाँय उपानह को नहीं सामा।
द्वार खड़ों द्विज दुर्बल एक रह्यो चकिसो वसुधा अभिरामा।
पूछत दिनदयाल को नाम बतावत आपनों नाम सुदामा।

1) कवि और कविता का नाम लिखिए।
2) उक्त बातें कौन किससे कह रहा है?
3) सुदामा ने सिर पर क्या पहन रखा है?
4) दीनदयाल किसे कहा गया है?
5) 'द्विज' शब्द का अर्थ बताइए?

3) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–  (3*5= 15)

क) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?
ख) विट्ठल का चयन आलमआरा के नायक के रूप में हुआ लेकिन उन्हें हटाया क्यों गया? पुनः नायक होने के लिए उन्होने क्या किया?
ग) सुदामा कि दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मानो दशा हुई?
घ) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया?
ङ) बालक कृष्ण किस लोभ से दूध पीने को तैयार हो गए?

4) भारत की खोज के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–  (2*3= 6)

क) रहीम या अमीर खुसरो की किसी काव्य रचना की पंक्तियाँ लिखिए।
ख) वर्तमान समय में विदेशों मे भारतीय संस्कृति के कौन कौन से प्रभाव देखे जा सकते हैं?
ग) आजकल हम किन–किन वस्तुओं या सेवाओं पर कर देते हैं? (किन्हीं चार के नाम बताइए)

5) कक्षा मे प्रथम आने पर अपने मित्र को बँधाई देते हुए पत्र लिखिए। (5)

6) प्र और आ उपसर्गों से दो–दो शब्द बनाइए– (½*4= 2)

7) 'श्री कृष्ण' के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (½*2= 1)

8) निम्न शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए–

क) कामयाबी   ख) सुलोचना   (½*2= 1)

***********